ont>

Title: Need to start commercial flights from Disha Defence Airport, Gujarat.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के दीसा एयरपोर्ट की तरफ दिलाना चाहता हूं, जो बेकार पड़ा है, जिसमें रक्षा विभाग के विमानों का प्रचालन हो रहा है। सीमा पर स्थित होने के कारण इसका आधुनिकीकरण किया जाना अति आवश्यक है। दूसरी ओर इस एयरपोर्ट पर दूसरी फ्लाइटों का प्रचालन भी हो सकता है। मुम्बई, दीसा, जोधपुर एवं जयपुर के बीच हवाई जहाज सेवा चलाई जाये तो इस एयरपोर्ट का उपयोग हो सकेगा और जनता और यह सरकार दोनों के हित में रहेगा। इस एयरपोर्ट पर निजी एयरलाइन चलाने हेतु भी प्रोत्साहित किया जा सकता है।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस प्रस्ताव पर गम्भीरता से विचार किया जाये।